

# तय लक्ष्य से जिले में हुई 25 फीसदी राजस्व वसूली

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले को मिला 28 करोड़ का लक्ष्य जिसमें से अब तक 7 करोड़ ही वसूले

नवभारत न्यूज

**सतना 19 दिसम्बर. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व संग्रहण हेतु जिले को राशि रूपये 28 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। लक्ष्य के विरूद्ध 9 दिसम्बर 2025 तक राशि 7.01 करोड़ रूपये की वसूली हुई हैं एवं राजस्व वसूली का प्रतिशत 25 प्रतिशत हैं जो कि अत्यंत कम हैं। कलेक्टर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व वसूली की प्रगति बढाने का प्रयास करें।**

कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिला भूअर्जन अधिकारी, नजूल अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार नजूल जांच एवं समस्त तहसील के तहसीलदारों को राजस्व विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत वसूली किए जाने के निर्देश दिए है। राजस्व संग्रहण शासन की आय का प्रमुख स्त्रोत है। राजस्व वसूली में अत्यंत कम प्रगति होने से प्रदेश स्तर में जिलें की छवि धूमिल होती हैं जो कि अत्यंत खेद का विषय हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा है कि वर्तमान में चालू वित्तीय वर्ष का लगभग 9 माह का समय व्यतीत हो रहा हैं। राजस्व



संग्रहण में तेजी लाने के लिए कार्य योजना के अनुरूप तत्काल समुचित कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। इसके लिए विशेष अभियान के रूप में समस्त आवश्यक उपाय करते हुए भू-राजस्व की बकाया वसूली कार्य पूर्ण कराया जायें।गृह निर्माण मण्डल, विकास मण्डल एवं अन्य सार्वजनिक उपक्रम जिन्हें शासकीय भूमि आवंटित की गई है तथा जिन पर प्रीमियम और भूभाटक बकाया है. उन्हें चिन्हांकित कर तत्काल राशि जमा कराने का सूचना पत्र देकर एक सप्ताह की समय सीमा दी जाये। समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डायवर्सन की शत-प्रतिशत बकाया वसूली करें, ऐसी भूमियां जो व्यपवर्तित हो गयी है लेकिन अभी भी कृषि भूमि के रूप में भू-राजस्व दे रही हों, उन भूखण्डों के भू-राजस्व का पुर्ननिर्धारण किया जाये। जिला भू अर्जन अधिकारी एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भू अर्जन संबंधी प्रशासकीय प्रक्रिया व्यय की राशि तत्काल शासकीय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें, राशि बैंक या पी.डी. खाते में जमा नहीं कराई जाए।

### नोटिस जारी कर की जाए वसूली

विगत वर्षों की बकाया राशि परिवर्तित भूमि से प्राप्त प्रब्याजि, नजूल भूमि से प्राप्त भू भाटक एवं प्रब्याजी, अर्थदण्ड की अधिरोपित राशियों की वसूली अनिवार्य रूप से करने का अभियान चलाया जायें।शासकीय पट्टेदार जिन पर प्रीमियम एवं भू-भाटक की अधिक राशि बकाया है, उन्हें नोटिस जारी कर बकाया जमा कराने की त्वरित कार्यवाही की जाये।



# रेलवे अंडर ब्रिज के गार्डर से टकराकर अधेड़ की मौत

## मैहर जाने के दौरान हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 19 दिसंबर. पिकअप सवार व्यक्ति का सिर रेलवे अंडर ब्रिज के गार्डर से टकराने के कारण मौत हो गई. पिकअप में भैंस लोड कर मैहर की ओर आने के दौरान बडगईयां जी रोड पर स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे हुई. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिगना निवासी 55 वर्षीय दशरथ यादव अपनी पिकअप में भैंस लोड कर मैहर की ओर आ रहे थे. बताया गया कि जैसे ही उनका वाहन मैहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गईयां जी रोड पर स्थित रेलवे ब्रिज के निकट पहुंचा. वैसे ही अंडर ब्रिज के ठीक पहले लगे लोहे के गार्डर के ऊपरी हिस्से से दशरथ का सिर टकरा गया. सिर पर गंभीर चोट आने के कारण दशरथ पिकअप में ही बेसुध होकर गिर गए. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने फौरन ही दशरथ को उपचार के लिए मैहर स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां पर जासंच करते ही चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया.

यह जानकारी सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. बताया गया कि जब पिकअप वाहन रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे गुजर रहा था तो दशरथ का सिर पीछे की ओर था. जिसके चलते अंडर ब्रिज पार करने के दौरान उन्हें लोहे के गार्डर नजर नहीं आए और सिर पर गंभीर चोट आने की वजह से उनकी मौत हो गई. इस मामले में पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

# महिला को अंधा बनाने वाले को 10 साल की सजा

## साल भर पुरानी घटना पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिया निर्णय

नवभारत न्यूज

**सतना 19 दिसंबर. लाठी से आंख पर सीधा और गंभीर वार करते हुए जीवन भर के लिए अंधा बना देने वाले आरोपी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना के न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई. इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी लोक अभियोजक रमेश मिश्र द्वारा की गई.**

शासकीय अभिभाषक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा आरोपी आरोपी प्रदीप कुमार साकेत उर्फ दादू पिता राम सुदर्शन उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम लखनवाह को 10 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्डादेश दिया गया. घटना 30 सितंबर 2024 की रात 9 बजे की है, जब आरोपी प्रदीप साकेत गांव के ही निवासी रामपति चौधरी के घर पहुंचा और अश्लील गालियां देने लगा. जिसे सुनकर पहले रामपति और उसकी पत्नी रामरती चौधरी मना करने लगी. यह सुनकर आग बबूला हुए प्रदीप



ने अपनी लाठी से रामरती की बाईं आंख के नीचे गंभीर हमला कर दिया. आंख में गंभीर चोट आने के कारण रामरती को काफी खून बहने लगा और वह वहीं पर नीचे गिर गई. यह देख प्रदीप ने रामरती को दोबारा जान से मार देने की धमकी दी और वहां से भाग गया. घायल रामरती को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया. लेकिन गंभीर चोट की वजह से आंख की रोशनी हमेशा के लिए चली गई. पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लाठी जब्त कर ली गई. अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध प्रमाणित पाए जाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सतना के न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत हुआ. जिसके बाद उपार्जित होकर प्रकरण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना के विचारण प्रस्तुत हुआ. जहां पर उभयपक्ष के तर्क एवं साक्ष्यों पर बारीकी से गौर करने के बाद न्यायालय द्वारा उक्त दण्डादेश पारित किया गया.

### मारपीट पर 3 को 3 वर्ष की सजा

मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को अपील न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार पाठक के न्यायालय द्वारा 3-3 वर्ष का कारावास और 1-1 हजार रु के जुर्माने की सजा सुनाई गई. सजा पाने वाले आरोपियों में मूरतदीन कुशवाहा और मथुरा प्रसाद कुशवाहा शामिल हैं. जबकि एक अन्य आरोपी रामखेलावन कुशवाहा की मौत हो चुकी है. इस मामले में राज्य की ओर से एडीपीओ संजय यादव द्वारा अभियोजन का पक्ष रखा गया.

# ई अटेंडेंस लगा रहे शिक्षकों को दिया जाए वेतन

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 दिसम्बर. जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार यस द्वारा जिले के समस्त संकुल प्राचार्य, शा. उमावि./ हाईस्कूल और समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी करते हुए ई अटेंडेंस लगा रहे शिक्षकों को वेतन दिए जाने निर्देश दिए हैं।**

हमारे शिक्षक एप्प पर ई-अटेंडेंस लगाये जानें को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा पहले ही निर्देश जारी किये जा चुके हैं। जिसके चलते जिले में पदस्थ सभी शिक्षकों को %हमारे शिक्षक एप्प में उपस्थिति लगानें जाने हेतु निर्देशित किया गया है। लेकिन जिन शिक्षकों द्वारा उक्त एप्प के माध्यम से ई-अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है उनका माह नवंबर 2025 का वेतन रोकते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सतना द्वारा कारण बताओ नोटिस पत्र जारी किये गये हैं। इसी कड़ी में संबंधित कर्मचारियों से प्राप्त प्रतिवाद पर और जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त अभिमत के तारतम्य में कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किया गया कि ऐसे लोक सेवक जिनके द्वारा माह दिसंबर से नियमित रूप से ई-अटेंडेंस लगाना प्रारंभ कर दिया गया है व प्रतिदिन ई-अटेंडेंस लगा रहे हैं उनका पिछले माह का रोका गया वेतन भुगतान किया जाये। साथ ही इसी प्रकिया से आगामी माह का वेतन आहरण किया जाये जबकि ऐसे लोक सेवक जिनके द्वारा अभी भी ई-अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है उनका वेतन आहरण न किया जाये। इस मामले में केवल बी.एल.ओ / निर्वाचन कार्य, पूर्व से चिकित्सा अवकाश, अन्य अवकाश में हैं, उन्हें छूट प्रदान की गई है।


# नई बस्ती में देर रात हुई फायरिंग से सहमे रहवासी

- तीन वाहन में सवार होकर आए लोगों ने दिया घटना को अंजाम, पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाया

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 दिसम्बर. कोलगवां थाना क्षेत्र के हनुमान नगर नई बस्ती के में गुरुवार की रात करीब 1 बजे फायरिंग की घटना हुई। तीन फोर व्हीलर से आए लोगों ने राजेश यादव के घर को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।**

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें तीन गाड़ियां तेज रफ्तार में निकलती दिखाई दे रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन्हीं वाहनों से आए लोगों ने फायरिंग की। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि फायरिंग करने वाले लोग



शराब ठेकेदार से जुड़े हैं। बताया गया कि फायरिंग के दौरान एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई थी। बाद में वही इनोवा शराब दुकान के पास खड़ी मिली, जिससे आरोप और गहरे हो गए। फायरिंग के समय घर में मौजूद लोग घबराकर सहम गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के रहवासी भी डर गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी को चोट नहीं आई।

### पुलिस ने संदिग्धों को पकड़ा

सूचना मिलने पर कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहनों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके आधार पर जानकारी जुटाते हुए शुक्रवार को लगभग आधा दर्जन संदिग्धों को पकड़ लिया गया। जिनसे पूछताछ कर घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है।

# सांसद खेल के समापन पर पीएम जुड़ेगे वर्चुली, सतना आएंगी सायना





नवभारत न्यूज

**सतना, 19 दिसम्बर. सांसद खेल महोत्सव 2025 खेलों को नई पहचान देने के साथ अब धीरे-धीरे अंतिम चरण में पहुंच रहा है।**

महोत्सव के समापन अवसर पर 25 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सायना नेहवाल दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, सतना में खिलाडि?ों का उत्साहवर्धन करेंगी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आयोजन से वर्चुअली जुड?र प्रतिभागियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। सायना नेहवाल भारतीय खेल जगत की प्रेरणास्रोत खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा वह विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और राजीव गांधी खेल रत्न जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। राष्ट्रमंडल खेलों में उनके कई स्वर्ण पदक भारत की खेल उपलब्धियों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हैं।

### चौके-छक्के की हुई बरसात

क्रिकेट मुकाबलों में ताबड़तोड़ और सरस्वती विद्यालय के बीच खेले गए मैच में सरस्वती विद्यालय ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। सकारिया और भरजुना के मुकाबले में भरजुना ने जीत हासिल की। वार्ड 18 और प्रेमनगर के बीच हुए मैच में प्रेमनगर विजयी रहा। सिंधी कैम्प और कृपालपुर के बीच मुकाबले में सिंधी कैम्प ने बाजी मारी। प्रेमनगर और भाटिया के मैच में भाटिया ने शानदार जीत दर्ज की। कोलगवां और कामता टोला के बीच मुकाबले में कामता टोला ने जीत हासिल की। बारी सगमानिया और वार्ड 15 के मैच में वार्ड 15 विजेता रहा, वहीं माधवगढ़ और राइजिंग स्टार के बीच खेले गए मुकाबले में माधवगढ़ ने जीत दर्ज की।

# न्यायाधीश ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण

## किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य भी रहे शामिल

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 दिसम्बर.केन्द्रीय जेल सतना में शुक्रवार को न्यायाधीश सोनम शर्मा, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सतना, श्रीमती आरती पाण्डेय, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सतना एवं राकेश तिवारी, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सतना द्वारा भ्रमण / निरीक्षण किया गया।**

न्यायाधीशों द्वारा जेल के सेक्टर नम्बर 08 में स्थित किशोर वार्ड, जेल स्कूल, लाइब्रेरी, वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष का भ्रमण / निरीक्षण किया गया। न्यायाधीशों द्वारा किशोर वार्ड में निरूद्ध



बंदियों के ज्ञानार्जन हेतु ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक पुस्तकें वितरित की गई। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सतना द्वारा जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

### सतना में संक्रमित रक्त चढ़ाने के प्रकरण में कड़ी कार्रवाई

**सतना 19 दिसम्बर.** सतना जिले में संक्रमित रक्त चढ़ाने के गंभीर प्रकरण में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई सीईओ आयुष्मान भारत डॉ. योगेश भरसट की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यीय जांच समिति की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्राथमिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर जिला चिकित्सालय सतना के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पटेल और दो लैब टेक्नीशियन श्री राम भाई त्रिपाठी तथा श्री नंदलाल पांडे को निलंबित किया गया है।

# बिरसिंहपुर के झखौरा गांव में चंद्र दिनों में बन गई मस्जिद

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 दिसम्बर. बिरसिंहपुर तहसील के झखौरा गांव में भोले भाले हिंदुओं को लालच और भय के दम पर धर्मांतरण कराने के लिए बाहरी जेहादी ताकतों की मदद से चन्द्र दिनों के भीतर तैयार मस्जिद बना ली गई। इस हरकत से गांव और आस पास के हिंदू परेशान हैं ।**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री विपिन सिंह ने कहा है कि यह जेहाद है जो धर्मांतरण के लिए हर प्रयास कर रहा है पहले



बिरसिंहपुर में ही हिंदुओं के गांव डोमहाई में मस्जिद बना कर धर्मांतरण चालू किया था जिस पर प्रशासन बजरंग दल के आंदोलन के बाद कार्यवाही की थी अब इसके खिलाफ भी बजरंग दल आवाज उठाएगा ।

विहिप नु प्रशासन से धर्मांतरण के केंद्र को जल्द ही हटाने की मांग है ग्रामीणों से संपर्क करने पर यह भी बताया गया कि इस पूरे धर्मांतरण के खेल में लल्लू उर्फ लालमन चौधरी नाम का व्यक्ति मदद गार है गांव के ही पद्मधर द्विवेदी द्वारा जानकारी दी गई कि पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र पुणे नंबर की गाड़ियों का लल्लू के पास आना जाना ज्यादा है ।

## एक नजर में



### राज्यमंत्री ने किये भगवान कामतानाथ के दर्शन

**सतना.** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को सतना जिले के चित्रकूट में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन और पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने देश और प्रदेश की जनता को खुशहाली की कामना की।



### इन्नर व्हील क्लब ऑफ़ सतना ने पिकनिक मनाई

**सतना।** इन्नर व्हील क्लब ऑफ़ सतना उद्गम द्वारा वेंकटेश लोक में एक आनंदमय पिकनिक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने आपसी मेलजोल के साथ हौजी एवं अन्य मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा इनर व्हील क्लब की ब्रांडिंग भी की गई। इस आयोजन में क्लब की अध्यक्ष श्रीमती जुही गौरव अग्रवाल, सचिव श्रीमती प्रियंका मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती अनामिका अग्रवाल, आईएसओ श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती एकता अग्रवाल, संपादक श्रीमती अंजली पांडेय, जोनल हेड श्रीमती अनमोल केशरवानी एवं पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पलक केशरवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही क्लब की अन्य सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### केन्द्रीय जेल में विधिक शिविर आयोजित

**सतना।** केन्द्रीय जेल सतना में शुक्रवार को वरिष्ठ न्यायाधीश पार्थशंकर मिश्रा, सचिव



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना की अध्यक्षता, श्रीमती लीना कोष्टा, जेल अधीक्षक के समन्वयन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश द्वारा बंदियों से अपील के संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों के विधिक अधिकारों, प्ली-बार्गेनिंग, मूल अधिकारों, जमानत व नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में बंदियों को अवगत कराया गया साथ ही बंदियों की विधिक संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। न्यायाधीश द्वारा जेल का भ्रमण / निरीक्षण भी किया गया। जेल अस्पताल में बंदियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून, रमाकान्त त्रिपाठी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कांउसिल सतना एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# मेडिकल कालेज में प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने जानी आपातकालीन देखभाल पद्धति

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 दिसम्बर. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए आपातकालीन देखभाल एवं वीआईए विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना में किया गया।**

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रीवा संभाग सहित इस क्षेत्र में अपनी तरह का प्रथम प्रयास रहा, जिसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर आपातकालीन एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का



आयोजन महाविद्यालय के डीन डॉ. एस. पी. गर्ग के सतत मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान एनएचएम पर्यवेक्षक डॉ. अनीता अग्रवाल (प्राचार्य, आरएचएफडब्ल्यूटीसी, जबलपुर) की उपस्थिति एवं तकनीकी पर्यवेक्षण प्राप्त हुआ, जिन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संरचना एवं हैंड्स-ऑन दृष्टिकोण की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉ. अम्बरीष मिश्रा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, समुदायिक चिकित्सा विभाग रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कौशल-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम समुदाय स्तर पर प्रभावी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समुदायिक चिकित्सा विभाग ने नोडल विभाग के रूप में समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का कुशल संचालन किया। कार्यक्रम को मेडिसिन, प्रसूति एवं स्त्री रोग, एनेस्थीसिया तथा ऑर्थोपेडिक्स विभागों से असाधारण अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे प्रशिक्षण की व्यावहारिक उपयोगिता और प्रभावशीलता और अधिक सुदृढ़ हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रीवा, सतना, कटनी एवं अनूपपुर जिलों से कुल 38 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने सहभागिता की। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों के प्रभावी प्रबंधन एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग सेवाओं को सुदृढ़ कर सकें।

यह सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना की जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता तथा रीवा संभाग के जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।